# चूरू जिला कलेक्टर ने बीदासर नगरपालिका कार्यालय पहुंचकर निरीक्षण किया


चूरू जिला कलेक्टर अभिषेक सुराणा ने बीदासर नगरपालिका कार्यालय पहुंचकर निरीक्षण किया।

**बीदासर** (निसं)। चूरू जिला कलेक्टर अभिषेक सुराणा ने मंगलवार को बीदासर नगरपालिका कार्यालय पहुंचकर निरीक्षण किया। इस दौरान कलक्टर ने पालिका सभागार में पालिका कार्मिकों की बैठक लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

कलेक्टर के पालिका कार्यालय पहुंचने की सूचना लगते ही सैकड़ों ग्रामीणों और नगरवासियों की भीड नगर पालिका परिसर में जमा हो गई और विभिन्न समस्याओं को लेकर जिला कलेक्टर को लोगों ने वार्डों के परिसीमन व अन्य ज्वलत समस्याओं को लेकर ज्ञापन दिए। कलेक्टर सुराणा को पार्षद बाबूलाल करडवाल के साथ अन्य पार्षदों ने कस्बे में विभिन्न स्थानों पर चल रहें बिना स्वीकृति अवैध व्यवसायिक कॉम्प्लेक्सो के निर्माण को लेकर ज्ञापन सौंपकर बताया कि कस्बे के पुराना बस स्टैंड और मुख्य बाजारों में बडे-बडें अवैध कॉम्प्लेक्सो का निर्माण धडल्ले से चल रहा है, अधिशाषी अधिकारी को कई बार लिखित शिकायतें देने के बावजूद भी अवैध निर्माण करने वालों पर किसी प्रकार की कोई कार्रवाई नहीं हुई। अधिकारियों की सांठगांठ के चलते सिर्फ नोटिस देकर खानापूर्ति की जा रही है, जिससे पालिका को सालाना करोडों रूपये के राजस्व का नुकसान हो रहा है।

पार्षदों ने अवैध निर्माणकर्ताओं पर प्रभावी कार्रवाई करने की मांग की। वहीं ग्राम पंचायत ढाणी कालेरान के राजस्व ग्राम हरिनगर को परिसीमन में नगर पालिका क्षेत्र बीदासर में शामिल करने पर गांव के सैकड़ों ग्रामीणों ने आक्रोश प्रकट करते हुए जिला कलेक्टर को ज्ञापन देकर परिसीमन आदेश को रद्द करने की मांग की।

वही दूसरी और बीदासर कस्बे के कई वार्डों के लोगों ने परिसीमन को लेकर पालिका उपाध्यक्ष मेराज उल हसन छींपा और अपने वार्ड पार्षदों के नेतृत्व में नाराजगी जताते हुए कलक्टर को ज्ञापन देकर आक्रोश जताया। ज्ञापन के माध्यम से लोगों ने बताया कि परिसीमन में कई वार्डों को तोड़कर नये वार्ड बड़े बना दिए तो कई वार्ड छोटे बनाएं गए है। जो अव्यवहारिक है। दूसरी और पार्षद बेगराज नाई ने कस्बे की ज्वलत समस्या गेनाणी और पानी की निकासी को लेकर ज्ञापन के माध्यम से अवगत करवाया कि गेनाणी का बडा नाला अवरुद्ध पडा है तथा गेनाणी का पानी ऑवरफॉलो होकर आसपास के ईलाकों में कई दूर तक फैला हुआ है जिससे मच्छरों की भरमार से मोसमी बिमारियां फैलने की आशंका है।

ज्ञापन देने के बाद कलेक्टर सुराणा गंदे पानी की गेनाणी का निरीक्षण करने रवाना हुए तो बिच रास्ते में पार्षद बेगराज नाई ने जिला कलक्टर की गाडियों के काफिले को रूकवाकर जिला कलक्टर को गेनाणी की तरफ जा रहें गंदे पानी के बड़े नाले का मौका दिखाया तो मौके पर नाले के बाहर कचरे के ढेर लगे हुए थे तथा नाला भी कचरें से लबालब भरा हुआ मिला। उसके बाद कलक्टर ने गेनाणी पहुंचकर गेनाणी का अवलोकन किया और अधिकारियों को दिशानिर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिला कलक्टर सुराणा के साथ सुजानगढ़ एडीएम मंगलाराम पूनियां, पालिका के अधिशाषी अधिकारी कुंदन दत्ता, कनिष्ठ अभियंता मुकेश स्वामी साथ थे। पंचायत समिति में जिला कलेक्टर को स्वर्णकार समाज और ज्वेलर्स एसोसिएशन की समस्याओं को लेकर एक ज्ञापन जिला अध्यक्ष लालचंद सोनी ने प्रधान संतोष मेघवाल के सानिध्य में सौंपा। जिसमें मुख्य रूप से ज्वेलर्स के साथ हो रही लूटपाट की घटनाओं को लेकर सुरक्षा प्रदान करने की मांग की गई और ज्यादातर चोरियों के मामले में पुलिस द्वारा ज्वेलर्स के साथ अमानवीय व्यवहार करने को लेकर और ज्वेलर्स क्या सावधानी रखकर माल की खरीद करे ताकि आगे कोई समस्या नहीं हो इस बारे में एक गाइडलाइन जारी करने की मांग की।

वही गांव सांडवा की मूलभूत सुविधाओं को लेकर हॉस्पिटल में डाक्टर ओर नर्सिंग कर्मी की कमी को पूरा करने, गर्मियों को देखते हुए पानी की सप्लाई सुचारू रूप से करवाने, पुरानी पाइप लाइनों को बदलवाना ओर सांडवा पुलिस थाने में पर्याप्त स्टाफ की व्यवस्था करवाने के लिए ज्ञापन सौंपा गया।

# सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रस्तुतियां दी


गणगौर चौक विकास समिति की ओर से पावटे कुएं पर तारा छाई रात सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया।

**चूरु** (निसं)। गणगौर चौक विकास समिति की ओर से पावटे कुएं पर तारा छाई रात सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। देर रात तक चले कार्यक्रम में विमला देवी शर्मा के नेतृत्व में बालिकाओं ने ढफ पर आकर्षक प्रस्तुति देकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

राजलदेसर हरिओम पार्टी ने एक से बढकर एक धमालों की प्रस्तुतियां देकर उपस्थित जनों को भाव-विभोर कर दिया। बांसुरी की धुन तबले की ताल, घुंघरू की झनकार पर थिरकते कदम अवसर था, सोमवार रात्री को तारा छाई रात सांस्कृतिक कार्यक्रम का। यहां कलाकारों ने एक से बढ़कर एक शानदार प्रस्तुतियों पर लोग थिरकने पर मजबूर हो गये।

इस अवसर पर एडवोकेट पवन कुमार शर्मा, एडवोकेट हनुमान प्रसाद, डॉ. सुरेन्द्र शर्मा, जगदीश प्रसाद सर्राफ, गोपीराम गुसाई व अलाउद्दीन खान का आयोजन समिति के विजय सारस्वत, मनोज जोशी, मुकेश शर्मा, अनिल सिंधी व गोपाल कुदाल ने माला पहनाकर स्वागत किया। आपको बता दें कि तारा छाई रात के संस्थापक संत कुमार सारस्वत थे, जिन्होंने तारा छाई रात सांस्कृतिक कार्यक्रम लगभग 25वर्षों तक आयोजन किया।

इस अवसर पर पवन कुमार शर्मा, राजेन्द्र सिंह शेखावत, कौशल शर्मा, ललित चौहान, कैलाश चंद्र नवहाल, मंगतू राम बागड़ा, नंदू पूरी, महेश मिश्रा, पार्षद राकेश दाधीच, पार्षद राजकुमार सारस्वत, डॉ. जमील चौहान आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन उमेश दाधीच ने किया।

## सार-समाचार

### महाविद्यालय में छात्राओं का स्वागत

**झुंझुनूं,** (निसं)। अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ राजस्थान उच्च शिक्षा की स्थानीय इकाई राजकीय एनएमटी महिला महाविद्यालय में नवसंवत्सर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय की छात्राओं ने तिलक लगाकर स्टाफ व छात्राओं का स्वागत किया। इस अवसर पर महाविद्यालय की छात्रा प्रियंका चावला निवासी कासिमपुरा को स्नातकोत्तर हिंदी परीक्षा 2024 में शेखावाटी विश्वविद्यालय द्वारा गोल्ड मैडल प्रदान करने पर हिंदी विभाग के शिक्षकों द्वारा छात्रा को प्रतीक चिन्ह एवं 1100 रुपए नकद देकर सम्मानित किया गया। इसके साथ ही प्रिया निवासी फतेहसरी का जूनियर ट्रांसलेशन ऑफिसर कनिष्ठ अनुवाद अधिकारी के पद पर चयन होने पर छात्रा का महाविद्यालय परिवार द्वारा सम्मान किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. रामकुमार सिंह, हिंदी विभाग में कार्यरत किशोर कुमार, डॉ. शशिप्रकाश अहलावत, सुनिता एवं अन्य संकाय सदस्यों में डॉ. विकास भड़िया, डॉ. सुरेंद्र कुमार, जगदीश कुमार, डॉ. अखिलेश कुमार आदि मौजूद रहे।

### नवजात शिशुओं को 61 हाईजेनिक बेबी किट वितरण किए

**झुंझुनूं,** (निसं)। महावीर इंटरनेशनल सनराइज द्वारा वात्सल्य अंतर्राष्ट्रीय स्तनपान जागरूकता अभियान के अंतर्गत स्वर्गीय निरंजनलाल केडिया परिवार के सौजन्य से भगवानदास खेतान अस्पताल परिसर झुंझुनूं की जनाना विंग में नवजात शिशुओं को आठ कपड़ों वाले 61 हाइजेनिक बेबी किट, संक्रमण की रोकथाम के लिए वितरण किए गए। डॉ. प्रियंका सेखसरिया ने प्रसूताओं को नवजात शिशुओं के संक्रमण रोकथाम के लिए जानकारी दी। कार्यक्रम में संस्था संरक्षक डॉ. एसएन शुक्ला, अंतर्राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एमआईएफ श्यामसुंदर जालान, रीजन सेक्रेटरी एमआईएफ महेश कुमार मूंड, जोन चेयरमैन एमआईएफ नागरमल जांगिड़, रीजन ट्रेजरार देवेंद्र कुमार गौड, एमआईएफ प्रदीप कुमार शुक्ला, एमआईएफ ओमप्रकाश ककरानिया, एमआईएफ मुबारक अली पहाड़ियान, शिवप्रसाद महर्षि, अशोक कुमार शर्मा एवं काफी संख्या में अस्पताल स्टाफ वीर एवं वीराएं मौजूद रहे। ज्ञात रहे केडिया परिवार द्वारा हर माह की एक तारीख को बेबी किट वितरण किए जाते हैं।

### हसामपुर के सुंदर सैन ने सैम्बो नेशनल चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल जीता

**पाटन** (निसं)। हाल ही में महेंद्रगढ़ के विजय इंटरनेशनल स्कूल बलाना में आयोजित सैम्बो नेशनल चैंपियनशिप 29 मार्च से 31 मार्च तक में हसामपुर के सुंदर सैन ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 71 किलो ग्राम भार वर्ग में गोल्ड मेडल अपने नाम किया है। सुंदर ने फाइनल मुकाबले में हरियाणा के एक पहलवान को हराकर जीत हासिल की और अपनी मेहनत से अपने गांव का नाम रोशन किया। इस शानदार जीत के बाद, गांव हसामपुर में सुंदर सैन का भव्य स्वागत किया तथा ग्रामीणों ने उन्हें बधाई दी और भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। सुंदर सैन ने बताया कि इस नेशनल चैंपियनशिप में देशभर से 250 से अधिक खिलाड़ी पहुंचे थे, जिनमें हरियाणा, राजस्थान, बिहार, झारखंड, उत्तराखंड, चंडीगढ़, पंजाब जैसे राज्यों के पहलवान शामिल थे। सुंदर की इस जीत ने न केवल उनके परिवार और गांव का नाम रोशन किया, बल्कि पूरे प्रदेश को गौरवान्वित किया है।

### हिन्दू गर्जना कार्यक्रम के पोस्टर का विमोचन

**पाटन** (निसं)। विश्व हिन्दू परिषद द्वारा रामनवमी की पूर्व संध्या पर नीमकाथाना के रामलीला मैदान में आयोजित होने वाले हिन्दू गर्जना कार्यक्रम के पोस्टर का मंगलवार को कस्बे के डाबला रोड स्थित संकटमोचन हनुमान जी मन्दिर में भव्य विमोचन किया गया। इस अवसर पर विश्व हिन्दू परिषद के जिलाध्यक्ष मनोज बंशिया ने कार्यक्रम के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य वक्ता सुरेश चव्हाण और वीर रस के प्रसिद्ध कवि राम भदावर शामिल होंगे। समारोह में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के राजेश गुर्जर, सरपंच मनोज चौधरी, केदार सैनी, नीरज गर्ग, निशांत मिश्रा, निखिल सैनी, मनीष शर्मा, बहादुर वाल्मीकि, सावन कुमार सहित कई सम्मानित व्यक्ति उपस्थित रहे।

### डोडा-पोस्त सहित मुल्जिम गिरफ्तार

**तारानगर** (निसं)। पुलिस द्वारा चलाये जा रहे नशा खोरी के खिलाफ विशेष अभियान "ऑपरेशन फ्लश आउट" के तहत तारानगर उप पुलिस अधीक्षक रोहित सांखला के सुपरविजन में तारानगर पुलिस ने कार्यवाही करते हुए मंगलवार को पंजाब के जिला मानसा के सर्दुलगढ़ थाना क्षेत्र के संदीपसिँह पुत्र चरणसिँह को 9.790 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ डोडा पोस्त सहित गिरफ्तार किया है। उक्त मामले का अनुसंधान भालेरी थानाधिकारी कर रहे है। उक्त कार्यवाही में उप निरीक्षक रामप्रताप, काँस्टेबल राज कुमार, राजेंद्र सिँह, बलवान, श्रवण कुमार, चालक अजीत सिँह आदि की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### जागरूकता वाहन रवाना

**झुंझुनूं,** (निसं)। स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिले में आने वाले दिनों डेंगू मलेरिया सहित अन्य मौसमी बीमारियों न पनपे इसके लिए एंटी लार्वा गतिविधियों का मलेरिया क्रैश कार्यक्रम मंगलवार से शुरू किया। इसके तहत मंगलवार को जिला स्वास्थ्य भवन से सीएमएचओ डॉ. छोटेलाल गुर्जर ने एक जागरूकता वाहन को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। डिप्टी सीएमएचओ डॉ. भंवरलाल सर्वा ने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य आमजन को एंटी लार्वा गतिविधियों के बारे जागरूक करना है। लोगों को मच्छर पैदा न हो इसकी जानकारी देनी है ताकि डेंगू मलेरिया न फैले। जितने भी लार्वा पैदा करने वाले स्त्रोत है उन्हें नष्ट करवाना। ठहराव वाले पानी में एमएलओ डालना।

# रामनवमी महोत्सव का आयोजन 5 को

**सीकर** (निसं)। सीकर प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी बैजनाथ सोभासरिया ट्रस्ट के प्रतिनिधियों प्रहलाद राय अग्रवाला, घनश्याम प्रसाद अग्रवाला एवं कुंज बिहारी अग्रवाला के सहयोग से रामनवमी की पूर्व संध्या पर दिनांक 5 अप्रैल अष्टमी को सांयकाल 4:30 बजे से भव्य एवं विशाल शोभायात्रा निकाली जाएगी व रामनवमी के दिन भव्य श्रीराम जन्मोत्सव मनाया जाएगा।

जानकारी देते हुए सोभासरिया विश्राम भवन में एक पत्रकार वार्ता का आयोजन किया गया जिसमें बैजनाथ सोभासरिया ट्रस्ट से घनश्याम प्रसाद अग्रवाला, सीए सुनील मोर, सुरेश अग्रवाल एवं राधेश्याम मोर ने प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के प्रतिनिधियों से जानकारी साझा की। सुरेश अग्रवाल ने मीडिया प्रतिनिधियों का स्वागत किया। इस अवसर पर घनश्याम प्रसाद अग्रवाला ने जानकारी दी कि शोभायात्रा में 1100 महिलाएं एक ही तरह की साडी व कलश लेकर भगवान श्रीराम जी के बैनर के साथ तथा पुरुष एक ही तरह के साफा में चलेंगे तथा सजे धजे ऊंट, घोडे, हाथी बैंड, बाजे व आकर्षक सांस्कृतिक झांकियां भी होंगी। इस यात्रा में बडी संख्या में शहर के आस्थावान प्रबुद्धजन, माताएं, बहनें व बच्चे भी साथ होंगे।

शोभायात्रा श्रीराम मंदिर, सोभासरिया विश्राम भवन, श्रमदान मार्ग, सीकर से आरंभ होकर तापडिया बगीची, स्टेशन रोड, जाटिया बाजार होते हुए श्री रघुनाथ जी मंदिर तदुपरांत श्री गोपीनाथ जी मंदिर एवं वहां से श्री गणेश जी मंदिर होकर बजाज रोड होते हुए पुनः श्रीराम मंदिर लौटेगी।

शोभायात्रा के दौरान सभी के लिए शुद्ध पेयजल एवं प्रसाद वितरण की व्यवस्था भी रहेगी। स्वच्छता को सुनिश्चित करने हेतु खाली पाउच एवं पैकेट्स आदि के एकत्रीकरण एवं समुचित निस्तारण हेतु स्वयं सेवकों द्वारा सहित पृथक गाड़ी की व्यवस्था भी रहेगी। शोभायात्रा के दौरान बैंड व कलाकारों के द्वारा भजनों की प्रस्तुतियां एवं श्रद्धालुओं द्वारा भगवान श्रीराम के जयघोष के साथ उनके जीवन संदेश संबंधी स्लोगंस भी प्रदर्शित किए जाएंगे।

उन्होंने आगे जानकारी देते हुए बताया कि रामनवमी 6 अप्रैल के दिन श्रीराम मंदिर में भगवान श्रीराम का भव्य जन्मोत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया जाएगा। इस अवसर पर भजन गायकों द्वारा सुबह 9:00 बजे से भजन आरंभ होंगे तथा 11:50 पर भगवान श्रीराम का प्राकट्य महोत्सव मनाया जाएगा तथा मंदिर पूरे दिन श्रद्धालुओं के लिए दर्शनार्थ खुला रहेगा।

सीए सुनील मोर ने सभी को धन्यवाद देते हुए विनम्र आग्रह किया है कि यह कार्यक्रम भगवान श्रीराम एवं समस्त सीकर शहर का कार्यक्रम है, अतः इसकी सूचना का अधिकतम प्रचार प्रसार किया जाए ताकि समस्त शहरवासी इस भव्य आयोजन में शामिल होकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाएं तथा भगवान श्रीराम का आशीर्वाद प्राप्त करें।

## श्याम महोत्सव धूमधाम से मनाया

**रतनगढ़** (निसं)श्री मठाधीश शिवालय स्थित साँवरिया सरकार का द्वितीय वार्षिकोत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य यजमान संजय मुरारका सपत्नीक द्वारा ज्योति प्रज्वलन के साथ शुरू हुई भजन संध्या में गायक एस.पी.वर्मा, संजय मुरारका, बालकृष्ण धर्ड, बंटी शर्मा ,बलबीर स्वामी ने भजनों की प्रस्तुतियां दी।

भजनों के दौरान फूलों की होली का भी शानदार आयोजन हुआ ,पुष्प ओर इत्र वर्षा की गई ,देर रात तक चले इस कार्यक्रम में पालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि हेमंत सारस्वत, पूर्व पालिकाध्यक्ष संतोष बाबू इंदौरिया सहित सैकडों महिला पुरुष भक्तों की उपस्थिति रही।

## मार्च में जन्मे पेंशनरों का सम्मान किया

**रतनगढ़** (निसं)राजस्थान पेंशन समाज रतनगढ़ द्वारा आज मार्च माह में जन्मे पेंशनरों का जन्म दिवस समारोह पेंशनर भवन में श्री सत्यनारायण सेवदा की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। श्री सेवदा के साथ ब्रह्मानंद स्वामी , उम्मेद सिंह सिंह राठौड़, सागरमल आत्रेय, मदनलाल कम्मा, मंचासीन अतिथि थे।कार्यक्रम का शुभारंभ दया कर दान भक्ति काप्रार्थना से किया गया।

उपाध्यक्ष ओमप्रकाश जांगिड़ ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए आर जी.एच.एस, कॉम्प्यूटेशन , ग्रेच्युटी, महंगाई भत्ता जैसे सरकारी आदेशों की अद्यतन जानकारी प्रदान करते हुए प्रदेश स्तरीय कार्यकारिणी द्वारा नए संविधान के निर्माण हेतु सुझाव आमंत्रित की जानकारी प्रदान करते हुए सभी को अपने अपने सुझाव भिजवाने का आवाह्न किया।

श्री पीरुमल प्रजापत मंत्री द्वारा गत माह के कार्यक्रम का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। श्री मदन लाल कम्मा,प्रभु दत्त माली, शिव प्रसाद स्वामी, जय सिंह राठौड, उम्मेद सिंह राठौड़ , ब्रह्मानंद स्वामी, महेंद्र कुमार शर्मा, रामदेव शर्मा और सागर मल आत्रेय ने अपने गीतों, भजनों व वक्तव्यों के द्वारा अपने विचारों की अभिव्यक्ति की।

सभी वक्ताओं ने नववर्ष, ईद और गणगौर की आपस में शुभकामनाएं और मुबारक दी पन्नालाल सोनी, रेवंत राम, शिव प्रसाद स्वामी, भंवरलाल व झाबर मल को माल्यार्पण करके , तिलक लगाकर और मिठाई खिलाकर सम्मानित किया गया।श्री मदनलाल कम्मा को 75 वर्ष पूर्ण करने पर वरिष्ठजन के रूप में शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया।

समारोह में श्री उम्मेद सिंह राठौड़ एवं पीरुमल प्रजापत द्वारा अल्पाहार की व्यवस्था की गई। अध्यक्ष सत्यनारायण सेवदा ने सभी जन्मदिन वालों को शुभकामनाएं देते हुए 20 अप्रैल 25 को नए अध्यक्ष के चुनाव कार्यक्रम की, तथा कार्यालय का समय 1 अप्रैल से प्रातः 9:00 से 11:00 बजे तक का करने की जानकारी प्रदान करते हुए सभी का आभार व्यक्त किया।

## सार-समाचार

### 'दृढ़ विश्वास और पूर्ण समर्पण से ही माँ भगवती की प्राप्ति हो सकती है'

**रतनगढ़** (निसं)। दृढ़ विश्वास और पूर्ण समर्पण से ही माँ भगवती की प्राप्ति हो सकती है, बिना समर्पण के ईश्वर प्राप्ति नहीं होती। रतनगढ़ के ग्राम छोटडिया के श्री करणी मंदिर में आयोजित श्री करणी कथा के कथा वाचक डॉक्टर गुलाबसिंह उर्फ डॉ. बाबा ने चारण पीठ से व्याख्यान देते हुए यह उद्गार प्रकट किए। कथा में भगवती आवड माँ के अवतार का प्रसंग सुनाते हुए डॉ. बाबा ने बताया कि, चेलक गांव के साहुवा गोत्र के मामड़जी चारण पुत्र प्राप्ति के लिए सात बार हिंगलाज पीठ की यात्रा की तब श्री हिंगलाज ने प्रकट हो कर पुत्री रूप में मामड़जी के घर अवतरित होने का वरदान दिया और सात बहनों के रूप में विक्रम संवत आठ सौ आठ की चैत्र शुक्ल नवमी को आवड़ माता ने अवतार लिया तथा उनके छोटे भाई महरखजी का जन्म हुआ । कथा में आवड़ माता के बावन नाम और बावन ही स्थान का उल्लेख करते हुए कथा व्यास ने आवड माँ, द्वारा हाकडा नद को सोखने, बिना चलाए चरखे चलने और सूत कातने, नूरन का वध, नाग बनने, नाथ पंथ में दीक्षित होने आदि के विभिन्न प्रसंगों पर प्रकाश डाला। कथा में करणी मंदिर प्रबंधन ट्रस्ट के अध्यक्ष शुभदान व रूपसिंह द्वारा बताया गया कि, मंगलवार की रात्रि में कथा स्थल पर रात्रि जागरण का आयोजन होगा जिसमें दीपपुरा के विख्यात चिरजा गायक विशालसिंह कविया सहित अन्य कलाकार प्रस्तुति देंगे। श्री करणी कथा में अयोजन में मेलुसर सरपंच प्रतिनिधि महावीरसिंह, कमेरदान, भंवरदान, चुन्नीलाल, मालदान, मालीराम उपाध्याय, मौलकचंद, पूर्णमल, मांगीलाल, भंवरलाल सहित अन्य भक्तजन उपस्थित रहे।

### राज्य कार्मिकों को बीमा भुगतान के लिए विशेष अभियान शुरू

**झुंझुनूं,** (निसं)। जिले के राज्य कार्मिक जो 1 अप्रेल 2025 से 31 मार्च 2026 के मध्य सेवानिवृत्त हो रहे हैं। उनके बीमा क्लेम के भुगतान के लिए जिला कलेक्टर रामवतार मीणा ने एसआईपीएफ पोर्टल के माध्यम से क्लिक करके पेमेंट इनिशिएट कर मंगलवार को कोष कार्यालय भिजवा दिए हैं। राज्य बीमा एवं प्रावद्यायी निधि विभाग झुंझुनूं के संयुक्त निदेशक ने बताया कि झुंझुनूं जिले के 580 राज्य कार्मिकों की बीमा पॉलिसी दिनांक 01.04.2025 को परिपक्व हो गई थी। जिनका कुल भुगतान 59 करोड़ 75 लाख तरेसठ हजार 382 रूपए पेमेंट इनिशिएट कर मंगलवार को कोष कार्यालय भिजवा दिया गया है। इस अवसर पर सुपरवाइजर रामनिवास पूनिया व ऋतु, सहायक प्रोग्रामर ऋषिकांत, सूचना सहायक अभिलाषा, वरिष्ठ सहायक नीना, राकेश कुमार सैनी, दीपचंद सैनी एवं कनिष्ठ सहायक जुनेद खान सहित स्टाफ सदस्य उपस्थित थे।

# गणगौर महोत्सव में लोक संस्कृति की झलक दिखी


संवाद संस्थान चूरू की ओर से गणगौर महोत्सव के दौरान सांझ गीतां री कार्यक्रम आयोजित हुआ।

**चूरू** (निसं)। मनोरंजन क्लब में संवाद संस्थान चूरू की ओर से सोमवार देर रात को गणगौर महोत्सव का आयोजन किया गया। सांझ गीतां री कार्यक्रम में गींदड और चंग नृत्य पर थिरकते कलाकारों के साथ बाल गायिकाओं ने लोक गीतों का ऐसा समां बांधा कि मरुधरा झूम उठी।

इस दौरान विधायक हरलाल सहारण, जिला प्रमुख वंदना आर्य, जिला कलेक्टर अभिषेक सुराणा और पूर्व सभापति गोविन्द महनसरिया ने मां भारती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का विधिवत् शुभारंभ किया। गोपाल पारीक ने वंदेमातरम में सांझ से कार्यक्रम का आगाज किया। विजय लक्ष्मी की लोक गीतों की पहली प्रस्तुति ने गीतों की सांझ ने वातावरण में समां बांध दिया।

युवा कलाकार प्रमोद गौड, लीलाधर कत्थक, बजरंग कत्थक ने राजस्थानी गीतों, बालिका दिव्या लाटा, ललिता प्रजापत, बबीता कस्वां, दृष्टि व काव्या ने लोक नृत्य और सीताराम प्रजापत व सुजानसिंह खिंची ने लोक कला में समां बांधा। जिला मनोरंजन क्लब की टीम की युवा शक्ति ने जब गींदड नृत्य की प्रस्तुतियां दी, तो उपस्थित दर्षक भी अपने आपको थिरकने से रोक नहीं पाये।

पाबूसर की ढप मण्डली के कलाकारों ने धमाल पर चंग नृत्य के साथ ऐसी तान छेडी की उपस्थित श्रोता झूमने पर मजबूर हो गये। गींदड और चंग के कलाकारों ने लयबद्ध गीतों के साथ कलाकारों ने चक्रासन नृत्य किया। लोक गायकी के साथ चंग की थाप और नगारे पर गूंजती धमाल के बीच जब गोपाल पारीक, नीरज गौड, कुलदीप शर्मा व निरंजन सैन ने आ तो सुरगां नै सरमावै ई पर देव रमण ने आवै धरती धोरां री प्रस्तुत किया, तो राजस्थान की संस्कृति साकार हो उठी।

इससे पूर्व योगेश गौड, महेश मिश्रा, सुरेन्द्र बावलिया, बाबू पाटिल, कालू महर्षि, रचना कोठारी, वीणा शर्मा, नरेन्द्र षर्मा, गुरुदास भारती, राजीव बहड आदि ने अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन आर्किटेक्ट अनुराग शर्मा व रवि दाधीच ने किया।

# चूरू लोकसभा सांसद राहुल कस्वा ने नये हाई स्पीड कॉरिडोर व धार्मिक कॉरिडोर बनाने, एनएच-703 का कार्य शुरू को लेकर वार्ता की

**सादुलपुर,** (निसं)। चूरू सांसद राहुल कस्वां ने मंगलवार को केन्द्रीय सडक़ परिवहन व राजमार्ग मंत्री नीतिन गडकरी से मुलाकात कर चूरू संसदीय क्षेत्र सहित राजस्थान में सडक़ तंत्र के आधुनिकीकरण को लेकर चर्चा की।

शाम साढे छः बजे जारी प्रेस नोट में बताया कि सांसद राहुल कस्वां ने कहा कि मंत्रालय द्वारा नये एनएच-703 की घोषणा की गई है, जो जालंधर, पंजाब से चूरू संसदीय क्षेत्र के नोहर, साहवा, तारानगर, चूरू होते हुए एनएच-52 से जुडेगा। राष्ट्रीय राजमार्ग में उन्नयन के लिये नोहर, साहवा, तारानगर, चूरू में बाईपास निर्माण के साथ दो लेन की पक्की सडक़ निर्माण की आवश्यकता है। यह अत्यंत ही महत्वपूर्ण मार्ग है जो जयपुर और पंजाब तक सुलभ परिवहन में बडी भूमिका निभायेगा। अतः भविष्य की जरूरत के हिसाब से चूरू संसदीय क्षेत्र के इन शहरों (नोहर-साहवा-तारानगर-चूरू) में मौजूदा सडक़ को टू लेन में अपग्रेड करते हुए 10 मीटर का चौडाईकरण किया जाए। साथ ही इन शहरों में बाईपास निर्माण हेतु डीपीआर तैयार करवाई जाए। सांसद कस्वां ने नये हाई स्पीड कॉरिडोर निर्माण का सुझाव देते हुए कहा कि मध्यप्रदेश के गरोठ से राजस्थान के श्रीगंगानगर तक वाया कोटा, टोंक, जयपुर, झुंझूनू, चूरू, हनुमानगढ़ होते हुए नये हाई स्पीड कॉरिडोर से प्रगति के नये रास्ते खुलेंगे। यह मार्ग कृषि उपज, विनिर्माण वस्तुओं एवं अन्य वाणिज्यिक परिवहन हेतु सुगम व्यवस्था प्रदान करेगा। यह हाई स्पीड कॉरिडोर राजस्थान से निकलने वाले दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस वे एवं अमृतसर-जामनगर एक्सप्रेस वे को जोड़ने का कार्य करेगा। अतः इस नये हाई स्पीड कॉरिडोर को बनाये जाने हेतु आगामी प्लान में शामिल किया जाए। भठिण्डा, पंजाब से अजमेर तक वाया हनुमानगढ़-चूरू-नागौर तक नये हाई स्पीड कॉरिडोर निर्माण की स्वीकृति जल्द से जल्द जारी किये जाने की मांग की। व्यापारिक व सैन्य दृष्टि से यह मार्ग काफी महत्वपूर्ण है और पूर्वी राजस्थान को उतरी राजस्थान से सीधी कनेक्टिविटी प्रदान करेगा। एनएच-52 व एनएच-58 के ट्रैफिक भार को भी कम करेगा। इसके अलावा सांसद राहुल कस्वां ने केन्द्रीय मंत्री से कहा कि देश में 6600 किमी. के धार्मिक कॉरिडोर निर्माण का प्रस्ताव मंत्रालय द्वारा किया गया है। राजस्थान में भी ऐसे अनेकों बड़े धार्मिक स्थल हैं जहां अच्छे सडक़ तंत्र की अनुपलब्धता के कारण पर्यटन को बढ़ावा नहीं मिल पा रहा है। अतः राजस्थान में भी एक धार्मिक कॉरिडोर एनएच-52 पर स्थित रींगस से शुरू कर खाटू श्यामजी-जीण माता धाम-सालासर बालाजी, धाम-मुकाम धाम होते हुए देशनोक धाम (एनएच-62) तक निर्माण करवाने हेतु आगामी प्लान में शामिल किया जाए। कस्वां ने केन्द्रीय मंत्री से एनएच-52 के हरियाणा बॉर्डर-सालासर खण्ड के समाप्ति स्थल पर सालासर में एवं सालासर-नागौर खण्ड पर बोबासर गांव में नये ओवरब्रिज की स्वीकृति को लेकर भी कहा है। एनएच-52 पर विभिन्न स्थानों पर स्वीकृत हो चुके 12 नये ओवरब्रिज, अंडरब्रिज, वीयूपी व सीयूपी का निर्माण कार्य भी जल्द शुरू करने के लिये भी कहा।

**आम सूचना**

मै हिंगलाज माइन्स एंड मिनरल्स पार्टनरशिप फर्म जिसकी शुरुआत अगस्त 2010 में हुई थी जिसमे निम्न पार्टनर है श्री विक्रम सिंह पुत्र सवाई सिंह, विक्रम कुमार गोयनका पुत्र गणेश कुमार गोयनका, नरेंद्र सिंह पुत्र इंदर सिंह, ममता कंवर पत्नी राजेश सिंह, सरोज कंवर पत्नी सुरेंद्र सिंह। 1 अप्रैल 2012 में श्री विक्रम कुमार गोयनका पुत्र गणेश कुमार गोयनका फ़र्म में भागीदारी से अलग हो गए और श्री जितेंद्र सिंह पुत्र भवानी सिंह पार्टनशिप फर्म में भागीदार हो गए है इसमें किसी को कोई अपति हो तो सात दिवस के अंदर अपनी आपत्ति पेश करें।

**कार्यालय नगरपालिका मण्डल रावतसर, जिला हनुमानगढ़ (राज.)**

क्रमांकः- एफ.14/सामान्य/न.पा.रा./2025/ दिनांक :-.......

**-: आपत्ति सूचना :-**

सर्व साधारण के सूचनार्थ एवं प्रकाशनार्थ सूचित किया जाता है कि श्री कृष्ण कुमार सोनी, भंवरलाल पुत्र श्री सोहनलाल सोनी जाति सोनी निवासी वार्ड नं. 15 रावतसर ने अपने बंटवारे से प्राप्त आवासीय भूखंड साईज 539.05 वर्गगज का नामांतरण अपने-अपने नाम से पालिका रिकॉर्ड में करवाना चाहा है। उक्त भूखंड का पट्टा श्रीमती तीजा देवी पत्नी श्री सोहनलाल के नाम से साईज 539.05 वर्गगज दिनांक 12.07.1993 को जारीशुदा है। श्रीमती तीजा देवी की मृत्यु दिनांक 08.07.2023 व श्री सोहनलाल की मृत्यु दिनांक 02.03.2018 को हो चुकी है। श्रीमती तीजा देवी के जायज वारिस भंवरी देवी, गोमती देवी, दुर्गा देवी (पुत्रियां) व धर्मपाल, भंवरलाल, कृष्ण कुमार (पुत्र) है। उक्त वारिसों द्वारा उक्त भूखंड का श्री कृष्ण कुमार सोनी को साईज 2383 वर्गफुट व श्री भंवरलाल को साईज 2512 वर्गफुट का बंटवारा कर दिया है। अतः अपने बंटवारे से प्राप्त भूखंड का नामांतरण प्रार्थी पालिका रिकॉर्ड में अपने नाम से दर्ज करवाना चाहता है। किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो, तो उक्त सूचना प्रकाशन होने की तिथि के 07 दिवस में सूचित करें, अन्यथा बाद गुजरने मियाद कोई उजरदावा मान्य नहीं होगा। सूचित रहे।

अधिशाषी अधिकारी, नगरपालिका रावतसर